प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

.....

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। आज के दिन महिलाओं को राष्ट्रीय, जातीय, भाषाई, सांस्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक सीमाओं से परे उनकी उपलब्धियों के लिए पहचाना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का विषय 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता, सशक्तिकरण' है। इस वर्ष का विषय सभी के लिए समान अधिकार और अवसर खोलने और एक समावेशी भविष्य के लिए कार्रवाई का आह्वान करता है, जहां कोई भी पीछे न छूटे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस अवसर पर सभी देशवासियों विशेषकर महिलाओं को बधाई दी है। राष्ट्रपति आज नई दिल्ली में नारी शक्ति से विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। इसके बाद एक उच्च स्तरीय पैनल चर्चा होगी जिसमें तीन तकनीकी सत्र आयोजित होंगे।

.....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल के रूप में चुनिंदा महिलाएं अपनी आवाज़ और अनुभवों को बढ़ाने के लिए आज अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर उनका सोशल मीडिया अकाउंट संचालित कर रही हैं। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के योगदान को मान्यता देना और उनके सशक्तिकरण, दृढ़ता और सफलता की यात्रा प्रदर्शित करके दूसरों को प्रेरित करना है। हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश की महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले नमो ऐप ओपन फ़ोरम पर अपने जीवन की प्रेरक यात्रा साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया था।

.....

इस अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का राज्य स्तरीय लाभार्थी सम्मान समारोह कांगड़ा जिला के शाहपुर के चम्बी में आयोजित हो रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे जबकि सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान महिलाओं के कल्याण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और संस्थाओं को राज्य स्तरीय महिला विकास प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कांगड़ा जिला सम्वाद्दाता ....

....

शिमला जिले के चिड़गांव तहसील के सिंदासली गांव की दिव्यांग मुस्कान आज देश सहित प्रदेशभर के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई है।

......

प्रदेश की सभी जिला अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव रंजीत सिंह ठाकुर ने बताया है कि लोक अदालत में निपटान के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा अभी तक करीब एक लाख 3 हजार 5 सौ मामलों की पहचान की गई है।

......

राजधानी शिमला सहित आज प्रदेश के अधिकांश भागों में आमतौर पर मौसम साफ है। हालांकि बीते दिनों प्रदेश में हुई बारिश और बर्फ़बारी के बाद अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार हिमस्खलन का खतरा भी बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार कल से मौसम एक बार फिर करवट लेगा जिससे प्रदेश के मध्य व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले स्थानों पर बारिश की सम्भावना है।

......

सुर्खियां समाचार पत्रों से...

अमर उजाला ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के हवाले से सुर्खी है–बिलासपुर एम्स में पैट स्कैन शुरू, पोर्टेबल अस्पताल मिला– देश में 2027 तक खुलेंगे 25 हजार जन औषधी केंद्र। पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के ब्यान को शीर्षक दिया है– सरकार सबको दे रही वेतन व पेंशन, विपक्ष को विधानसभा में दूंगा जबाव। दिव्य हिमाचल व दैनिक जागरण के एक जैसे शब्द हैं–जमा दो अंग्रेजी का पेपर रद्द–चंबा के चुवाड़ी में, खोलना था दसवीं का–खोल दिया प्लस टू का पेपर।